(<?), if so, by when .an^djf not, what are the reasons therefor; and

(f) what action Government propose to take against the officials?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND MINISTER OF SfEATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (DR. ABRAR AHMED): (a) and (b) Yes, Sir. The matter was inquired into by the New India Assurance Co. Ltd. (NIAC) and the claims were Bound to have been correctly assessed by the surveyors and settled by the NIAC in accordance with the Terms and Conditions of the Policy. Accordingly a rejoinder of the NIAC was published in the Times of India dated 28.06.1993.

(c) No, Sir.

(d) to (f) Do not arise.

Raids conducted by sales tax depart meat on Super Bazar

2610. SHRI GOPALSINH G. SOLANKI: Will the Minister of FINANCE be pleased to state;

(a) whether raids were conducted or are to be conducted by the Sales Tax Department on Super Bazar dur-ring year 1992-93, 1993-194 on Sales Tax scandal occured in the Super Bazar since last year;

(b) if so, the details thereof;

(c) the details of un-accounted money, assets and incriminating documents detected/seized un-accounted excise duty records detected during these raids;

(d) the stem action taken or to be taken so far against Super Bazar indulging in malpractices and public fund frauds;

(e) if so, the details thereof; and

(f) if not, what are the reasons therefor?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (SHRI M. V. CHANDRASHEKHAR MUTYHY): (a) to (f)rto4orlBatlon is tseit^ colll-ected and will be laid on the table of the House,

भारतीय रिजर्व बैंक, दिल्ली में टाईपिस्ट की नियुक्ति

2611. श्री सत्य प्रकाश मालवीय: क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि भारतीय रिजर्व बैंक की दिल्ली शाखा ने 30 रिक्त पदों हेतु टाइपिस्टों की भर्ती के लिए की गई लिखित परीक्षा, कौशल परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर चुने गए 28 टाइपिस्टों की एक प्रतीक्षासूची सितम्बर, 1990 में तैयार की थी ;

(ख) यदि हां, तो अभी तक उस सूची में से टाइपिस्टों की अभी तक नियुक्ति न किये जाने के क्या कारण हैं ;

(ग) भारतीय रिजर्व बैंक की दिल्ली शाखा ने इन पदों पर टाइपिस्टों की नियुक्ति के लिए अपने केन्द्रीय कार्यालय से कितनी बार तथा कितने पदों के लिए अनुमति मांगी है ;

(घ) इन नियुक्तियों को भरने के लिए अभी तक स्वीकृति न दिये जाने के क्या कारण हैं ; और

(ङ) इस प्रतीक्षा सूची में दर्ज 28 टाइपिस्टों की नियुक्ति कब तक कर दी जाएगी ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० अबरार अहमद) :

(क) जी, हां ।

(ख) और (ग) स्पष्ट रिक्त पदों की उपलब्धता होने और साथ ही साथ इन रिक्त पदों को भरने की आवश्यकता पर

ही प्रतीक्षा सूची से नियुक्तियां की गई हैं। भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली के समस्त कार्यभार को ध्यान में रखते हुए, बम्बई में भारतीय रिजर्व बैंक के केन्द्रीय कार्यालय टंककों की संख्या को बढ़ाना आवश्यक नहीं समझा था ।

(ग) भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली ने जनवरी, 1991 में तथा फिर दिसम्बर, 1992 में टंककों के कुछेक पद भरने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक के केन्द्रीय कार्यालय का अनुमोदन मांगा था ।

(ङ) प्रतीक्षा सूची को शुरू करने के लिए निर्धारित समय सीमा बताना सम्भव नहीं है, क्योंकि भारतीय रिजर्व बैंक, नई दिल्ली वर्तमान टंककों से कार्य पूरा करने की स्थिति में है ।

आय-कर से छूट

2612. **चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि कल्याण समितियों/संगठनों को लाटरियों के मामले में कर के भुगतान से विमुक्त किया गया है ;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ;

(ग) क्या यह भी सच है कि कल्याण समितियों/संगठनों ने इस संबंध में आवश्यक शर्तों को पूरा नहीं किया है ; और

(घ) क्या कर से छूट प्राप्त इन संगठनों/कल्याण समितियों के कार्यकरण के संबंध में कोई जांच की गई है ; यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम० वी० चन्द्र शेखर मूर्ति) : (क) से (घ) चूंकि वेलफेयर सोसाइटियों/संगठनों जिनके बारे में सूचना मांगी गई है, के नाम नहीं दिए जाते हैं इसलिए इस प्रश्न का उत्तर देना सम्भव नहीं है ।

लाटरी विजेताओं से आयकर लिया जाना

2613. **चौधरी हरमोहन सिंह :** क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि लाटरी विजेताओं की सम्पत्ति सैन्ट्रल रजिस्टर में सूचीबद्ध न किए जाने और विवरणी दायर न किए जाने के कारण आयकर के अपवंचन के मामले में अन्तर्ग्रस्त है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में गत तीन वर्षों का ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इन चूकों में सुधार करने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए गए हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री एम०वी० चन्द्रशेखर मूर्ति) : (क) यह कहना सही नहीं है कि लाटरी विजेताओं द्वारा आयकर अपवंचन किया जाता है क्योंकि उनकी सम्पत्तियों की केन्द्रीय रजिस्टर" में प्रविष्टि नहीं की जाती है ; वस्तुत इस प्रयोजन के लिए किसी "केन्द्रीय रजिस्टर" को रखने की पद्धति नहीं है। यह भी सही नहीं है कि ऐसे लाटरी विजेताओं की विवरणियां दायर न करने के कारण अपवंचन होता है, क्योंकि लाटरी के जीतने पर कर 40% की दर पर स्रोत पर काटा जाता है, जोकि वह दर है जो इस प्रकार के स्रोत की आय पर लागू होती है । इसलिए ऐसे लाटरी विजेता अपनी आय विवरणियां चाहे दायर करते हैं अथवा नहीं करते हैं, लेकिन इस कारण से कर अपवंचन नहीं हो सकता है ;

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

(ग) लाटरी पुरस्कार विजेताओं से आयकर की वसूली में सुधार लाने की दृष्टि से आयकर अधिनियम, 1961 में एक उपबंध अधिनियमित किया गया है, जिसके अन्तर्गत लाटरी के जीतने से प्राप्त की गई रकम से स्रोत पर कर की कटौती करना अपेक्षित है । इसके अलावा, लाटरी की जीतने की रकम से किसी व्यय के प्रति कोई कटौती करना अनुमत्य नहीं है तथा ऐसी जीती गई रकम 40% की